Publication: Chaitanya Lok
Date: 31/08/2013
Edition: Indore
Page No: 6
Headline: Mayukh, Shubham win finals of TCS IT Wiz 2013

मयूख नायर और शुभम् राव बने

इंदौर के ''स्मार्ट टेक विजाड्र्स'' 2013 के विजेता

इंदौर। शहर के विभिन्न स्कूलों के 1,200 से अधिक छात्रों ने यूनिवर्सिटी ऑडिटोरियम, डीएवीवी यूनिवर्सिटी कैम्पस, खंडवा रोड, इंदौर में आयोजित टीसीएस आइटी विज में हिस्सा लिया। टीसीएस आइटी विज- देश के सबसे बड़े अंतर विद्यालय आइटी क्विज का आयोजन अग्रणी आइटी सर्विसेज, कंसल्टिंग और बिजनेस सॉल्युशन्स फर्म टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) द्वारा किया गया था।

इंदौर संस्करण के रीजनल फाइनल्स में बेहद कड़ा और दिलचस्प मुकाबला देखा गया। इसमें सागर पब्लिक स्कूल के मयूख नायर और शुभम राव ने अपने करीबी प्रतिद्वंदी द न्यू ग्रीनफील्ड पब्लिक एकेडमी के प्रत्यूश समल और सिद्धार्थ जिन्दल को हराया। विजेताओं को आइपैड प्रदान किया गया, जबकि रनर्स अप को ग्लैक्सी टैबलेट दिया गया। विजेता जोड़ी ''स्मार्ट टेक विजाड्र्स 2013'' का खिताब जीतने के लिये मेगा फाइनल्स में इंदौर का प्रतिनिधित्व करेगी। डॉ. रितु आनंद, वीपी एवं डिप्टी हेड, ग्लोबल एचआर, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज ने पुरस्कार वितरित किये। हमारी सोशल मीडिया आउटरीच प्रोग्राम के एक हिस्से के रूप में रियल-टाइम में छात्रों को संलग्न करने के लिये एक संवादपरक ट्विटर कॉन्टेस्ट का आयोजन भी क्विज के दौरान किया गया। रीजनल फाइल्स के दौरान १८८१ ट्वीट्स दर्ज किये गये। इस वर्ष टीसीएस आइटी विज, स्मार्ट टेक विजार्ड की तलाश, का आयोजन देशव्यापी स्तर पर 14 स्थानों-अहमदाबाद, बैंगलोर, भुवनेश्वर, चेन्नई, कोयम्बटूर, दिगी, हैदराबाद, इन्दौर, को%च, कोलकाता, लखनऊ, मुंबई, नागपुर एवं पुणे में किया जायेगा। विजेता का खिताब जीतने के लिये यूएई संस्करण के विजेता भी इस मेगा फाइनल्स में भिड़ेंगे।

विजेता जोड़ी मेगा फाइनल्स में इंदौर का प्रतिनिधित्व करेगी

टीसीएस आइटी विज का प्रारूप: लिखित परीक्षा में आयोजन स्थल पर मौजूद सभी टीमों के लिये 20 प्रश्न थे। ये सवाल मौखिक, दृश्य और ऑडियो विजुअल रूप में थे। लिखित परीक्षा में चुनी गयी सर्वश्रेष्ठ 6 टीम रीजनल फाइनल परीक्षा में शामिल हुयी। क्विज के रीजनल फाइनल की प्रमुख विशिष्टता एनिमेशन आधारित क्विज सॉफ्टवेयर थी, जिसे विशिष्ट फॉर्मेट के साथ क्विजमास्टर पिकब्रेन और उनकी टीम द्वारा तैयार किया गया था।